# सोनिया गांधी की सीख को अपने जीवन आचरण में उतारेंगे हरीश रावत


नवसंकल्प चिंतन शिविर के दौरान हरीश रावत व अन्य।

**राजस्थान के उदयपुर में एआईसीसी ने नवसंकल्प चिंतन शिविर का किया आयोजन**

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजस्थान के उदयपुर में एआईसीसी ने नवसंकल्प चिंतन शिविर का आयोजन किया, जिसमें उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी हिस्सा लिया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने नवसंकल्प चिंतन शिविर को लेकर एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उदयपुर में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने दिल को छू लेने वाली अहम बात कही है।

हरीश रावत ने कहा कि आप में से बहुत सारे लोगों को कांग्रेस पार्टी ने बहुत कुछ दिया है। अब समय है कि आप पार्टी के लिए कुछ करें. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हममें से हर व्यक्ति को कुछ कामों को अपने हाथ में लेना चाहिए। साधन खर्च करने वाले कामों को भी लेना चाहिए और कुछ ऐसे कामों को भी लेना चाहिए, जिसमें साधन कम खर्च हो रहे हों लेकिन कांग्रेस बन रही हो। उन्होंने कहा कि वह दो काम अपने हाथ में लेना चाहते हैं। पहला, हर हफ्ते एक ऐसे कांग्रेस परिवार में जाऊंगा, जो परंपरागत रूप से कांग्रेस परिवार है। मगर इस समय कांग्रेस की गतिविधियों से जुड़ा हुआ नहीं है। दूसरा, दो ऐसे परिवारों में जाऊंगा जो परिवार गरीब हैं और उनमें से एक परिवार अगर दलित है तो और अधिक अच्छा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह उन परिवारों तक पहुंचकर उनके साथ अपने को जोड़ेंगे। वह कैसे उन परिवारों की मदद कर सकते हैं, इससे अपने आप को जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह काम बहुत कम है जो वह पार्टी के लिए करेंगे।

# समय पर कार्यालय न पहुंचने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के डीएम ने दिए निर्देश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने कतिपय कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के विलम्ब से पहुँचने तथा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने की सूचना प्राप्त होने पर जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वह अपने अधीनस्थों सहित निर्धारित समय अनुसार कार्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराएं।

विलंब से कार्यालय पहुँचने तथा बिना अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों का प्रतिदिन विवरण उपलब्ध रखें और बार–बार पुनरावृत्ति करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध तद्नुसार कार्यवाही अमल में लायी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में कार्मिकों की प्रत्येक कार्य दिवस पर एवं निर्धारित अवधि में उपस्थित दर्ज किए जाने हेतु बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली को प्रत्येक दशा में लागू किया जाए तथा इसकी नियमित समीक्षा करते रहे।

# शीघ्र होगी प्रेसक्लब भवन की टेंडर प्रक्रिया शुरू

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तरांचल प्रेस क्लब भवन व अतिथि गृह निर्माण संबंधी प्रक्रिया में आज एक कदम और आगे बढ़ा। कार्यदायी संस्था पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के सहायक अभियंता मुकेश कुमार और अवर अभियंता संदीप वर्मा सुबह प्रेस क्लब कार्यालय पहुंचे।


पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के अभियंता क्लब के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए।

दोनों ने साल–2020 की डीपीआर में आवश्यक संशोधन शीघ्र निपटा कर टेंडर प्रक्रिया शुरू करते हुए कार्यारम्भ करने की बात कही। पूरी प्रक्रिया और आसन्न बरसात के मद्देनजर विभाग की ओर से 3 माह का समय मांगा गया, किंतु क्लब की ओर से स्पष्ट कर दिया गया कि हर हाल में 1 जुलाई तक काम शुरू हो जाना चाहिए। दोनो अभियंताओं ने क्लब भवन और परिसर का जायजा लेकर भवन के विस्तार की संभावना भी टटोली। इस दौरान क्लब अध्यक्ष जितेंद्र अंथवाल, महामंत्री ओपी बेंजवाल और संयुक्त मंत्री दिनेश कुकरेती भी मौजूद रहे।

## राज्य में पीले राशन कार्डधारकों को जून से गेहूं की जगह मिलेगा चावल

**देहरादून।** राज्य में पीले राशन कार्डधारकों को जून 2022 से मार्च 2023 तक गेहूं की जगह चावल का वितरण किया जाएगा। भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अपर सचिव ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। अभी पीले राशन कार्डधारकों को पांच किलो गेहूं 8.60 रुपये प्रति किलो और 2.5 किलो चावल 11 रुपये प्रतिकिलो की दर से दिया जाता था। प्रदेश में 995858 पीले राशन कार्डधारक हैं।

गर्मी के कारण गेहूं की पैदावार में कमी दर्ज की गई है। रूस–यूक्रेन युद्ध की वजह से भी विश्व में गेहूं की डिमांड बढ़ गई है। इस कारण कई सौ मीट्रिक टन गेहूं निर्यात किया जा चुका है। अब भारत सरकार ने गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है।भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अपर सचिव अरुण कुमार ने इस संबंध में उत्तराखंड के मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। पत्र में कहा कि पीले राशन कार्डधारकों को अब गेहूं की जगह चावल का वितरण किया जाएगा। यह आदेश जून 2022 से लेकर मार्च 2023 तक लागू रहेगा। राज्य में पीले राशन कार्डधारकों को अब तक पांच किलो गेहूं और ढाई किलो चावल मिलता था। अब राज्य के पीले राशनकार्ड धारकों को साढ़े सात किलो चावल मिलेगा।


**ESTER INDUSTRIES LTD.**

CIN: L24111UR1985PLC015063

**पंजी. कार्या.:** सोहन नगर, पी.ओ. चारूबेटा, खटीमा–262308, जिला. उधम सिंह नगर, (उत्तराखण्ड)

**फोनः** (05943) 250153-57, **फैक्सः** (05943) 250158, **वेबसाइटः** www.esterindustries.com, **ईमेलः** investor@ester.in

**31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण** (रू. लाखों में)

| क्र स. | विवरण | समाप्त वर्तमान तिमाही 31–मार्च–22 (अंकेक्षित) नोटस में समझाया गया है स्टैंडअलोन | समाप्त वर्तमान वर्ष 31–मार्च–22 (अंकेक्षित) स्टैंडअलोन | समाप्त पिछला वर्ष 31–मार्च–21 (अंकेक्षित) स्टैंडअलोन | पिछला वर्ष के इसी 3 महीने में समाप्त वर्ष 31–मार्च–21 (अंकेक्षित) स्टैंडअलोन | समाप्त वर्तमान तिमाही 31–मार्च–22 (अंकेक्षित) नोटस में समझाया गया है कंसोलिडेटेड | समाप्त वर्तमान वर्ष 31–मार्च–22 (अंकेक्षित) कंसोलिडेटेड | समाप्त पिछला वर्ष 31–मार्च–21 (अंकेक्षित) कंसोलिडेटेड | पिछला वर्ष के इसी 3 महीने में समाप्त वर्ष 31–मार्च–21 (अंकेक्षित) नोटस में समझाया गया है कंसोलिडेटेड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 38,811.67 | 1,40,565.94 | 99,175.88 | 29,703.31 | 38,811.67 | 1,40,565.94 | 99,175.88 | 29,703.31 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या असामान्य मदों से पहले) | 46,56.31 | 18,835.08 | 18,997.85 | 4,594.14 | 4,677.71 | 18,620.36 | 18,539.44 | 4,445.07 |
| 3. | कर से पहले अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या असामान्य मदों के बाद) | 4,656.31 | 18,835.08 | 18,997.85 | 4,594.14 | 4,677.71 | 18,620.36 | 18,539.44 | 4,445.07 |
| 4. | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या असामान्य मदों के बाद) | 3,271.19 | 13,886.13 | 14,207.77 | 3,388.71 | 3,292.59 | 13,671.41 | 13,749.36 | 3,239.64 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल] | 3,271.43 | 13,875.16 | 14,182.81 | 3,364.88 | 3,291.12 | 13,658.34 | 13,724.40 | 3,215.81 |
| 6. | इक्विटी शेयर कैपिटल | 4,169.69 | 4,169.69 | 4,169.69 | 4,169.69 | 4,169.69 | 4,169.69 | 4,169.69 | 4,169.69 |
| 7. | रिजर्व्स (पुनर्मुल्यांकन रिजर्व्स को छोडकर) जैसा कि पिछले वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है (अन्य इक्विटी) | - | 31 मार्च, 2022 तक 58,676.66 | 31 मार्च, 2021 तक 47,490.63 | - | - | 31 मार्च, 2022 तक 58,001.43 | 31 मार्च, 2021 तक 47,032.22 | - |
| 8. | प्रति शेयर आय (प्रत्येक रू. 5/– के) (जारी व बंद प्रचालनों के लिए) बेसिक (रू. में): डायल्यूटिड (रू. में): | 3.92 3.92 | 16.65 16.65 | 17.04 17.04 | 4.06 4.06 | 3.95 3.95 | 16.39 16.39 | 16.49 16.49 | 3.88 3.88 |

**टिप्पणीः**

क. सेबी (सूचीयन अनिवार्यताऐं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाऐं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के अनुसार स्टॉक एक्सचेंजों को साथ, ऊपर दर्ज की गई त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com एवं www.nseindia.com तथा कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.esterindustries.com पर उपलब्ध है।

ख. 31 मार्च 2022 और 31 मार्च 2021 को समाप्त तिमाही के लिए आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षित आंकड़ों और संबंधित वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक समीक्षित वर्ष की तिथि के आंकड़ो के बीच तुलनात्मक आंकड़ें हैं।

ग. निदेशक मंडल ने 20 मई 2022 को आयोजित अपनी बैठक में 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए ₹ 1.90/– प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो आगामी वार्षिक आम बैठक में कंपनी के शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

कृते एस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/–
अरविंद सिघानिया
अध्यक्ष एवं सीईओ

स्थानः गुरूग्राम
तिथिः 20 मई, 2022

